देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 324 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 7 फरवरी 2020

विचार-प्रवाह...
अर्थव्यवस्था एक गति पकड़ लेगी





मौसम अधिकतम 17.0⁰ न्यूनतम 5.0⁰

41306.03

2 कोई प्रभावी इलाज मौजूद नहीं: डब्ल्यूएचओ

7 धोनी की वापसी पर भी ग्रहण

## संक्षिप्त समाचार

### गृहमंत्री अमित शाह से बात के बाद मान गए नृत्य गोपाल दास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
अयोध्या। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नाम नहीं शामिल किए जाने से नाराज श्रीराम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास मान गए हैं। बताया जा रहा है कि शाह ने नृत्य गोपाल दास को आश्वासन दिया है कि उन्हें ट्रस्ट में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही संतों ने अपनी अपनी बैठक को भी रद्द कर दिया है। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास से मुलाकात के बाद अयोध्या से बीजेपी विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, अयोध्या में किसी तरह की कोई नाराजगी नहीं है।

### नाले में फेंकी हुई मिली नवजात बालिका, डीएम ने कार्रवाई के निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नैनीताल। नैनीताल स्थित स्टाफ हाउस हनुमान मन्दिर के पास नाले में फेंकी हुई नवजात बालिका मिली। बालिका गंभीर अवस्था में थी, जिसकी गर्भनाल जुड़ी हुई थी। स्थानीय लोगों द्वारा नवजात बालिका को चिकित्सा हेतु बीड़ी पाण्डे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहॉ चाईल्ड लाईन 1098 की देखरेख में नवजात बच्ची का प्रारंभिक उपचार किया गया। बाद में नवजात बच्ची के उचित और बेहतर ईलाज के लिए सुशीला चिकित्सालय को रेफर कर दिया गया। जहॉ उसका ईलाज चल रहा है।

### शबिरयानीश बयान पर इसी ने योगी से मांगा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को उनके बिरयानी बयान के लिए नोटिस जारी किया है। आयोग ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए उनसे शुक्रवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा है। बता दें कि योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार के दौरान करावल नगर में कहा था, केजरीवाल शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को बिरयानी खिला रहे हैं।

# डंडे खाने के लिए ज्यादा करूंगा सूर्य नमस्कार

## मोदी ने विपक्ष पर सीएए विरोध को लेकर जमकर साधा निशाना

■पहली बार जम्मू–कश्मीर को भी मिला आरक्षण का फायदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर का भी जिक्र किया। नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में बताया कि आर्टिकल 370 के खात्मे के बाद जम्मू–कश्मीर में आरक्षण लागू हुआ, रियल एस्टेट ऐक्ट लागू हुआ और ऐंटी करप्शन ब्यूरो भी बनाया गया। उन्होंने कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद को जवाब देते हुए कहा कि यह झूठ है कि जम्मू–कश्मीर पर फैसले से पहले चर्चा नहीं हुई। इस विषय पर चर्चा हुई, पूरे देश ने देखा और ज्यादातर सांसदों ने इसके समर्थन में वोट भी किया।

राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि मैंने एक कांग्रेस के नेता एक घोषणापत्र सुना कि 6 महीने में मोदी को डंडे मारेंगे। काम जरा कठिन है लेकिन तैयारी के लिए समय तो लगेगा। मैंने भी 6 महीने में तय किया है कि रोज सूर्य नमस्कार की संख्या बढ़ा दूंगा। 20 साल से जिस तरह गंदी गाली सुन रहा हूं, मैंने खुद को गाली प्रूफ बना लिया है। मैं आभारी हूं कि मुझे 6 महीने का समय दिया गया है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा, श्ईमानदारी से कहूं तो मुझे कुछ लोगों के बयान ने बहुत निराश किया। कुछ लोगों ने ठहराव को ही अपनी खासियत बना लिया है। वे उसी पुराने तरीके रुके हुए थे, उन्हीं पुरानी चीजों के बारे में बात कर रहे थे। गुलाम नबी आजाद जी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर पर बिना किसी चर्चा के फैसला लिया गया। यह झूठ है। पूरे देश ने देखा कि इस विषय पर चर्चा हुई। सांसदों ने इसके पक्ष में वोट किया।

**जो लोग साइलंट थे, वे इन दिनों वाइलंट हैं:** पीएम ने कहा कि सीएए को लेकर जो कुछ भी कहा जा रहा है, वह जो प्रचारित किया जा रहा है, उसको लेकर सभी साथियों को खुद से सवाल पूछना चाहिए। क्या देश को गलत सूचना देना, गलत राह दिखाने की प्रवृति को हमें रोकना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि ये कैसा दोहरा चरित्र है, आप 24 घंटे अल्पसंख्यकों की दुहाई देते हैं, लेकिन अतीत की गलतियों के चलते पड़ोस में अल्पसंख्यक जो बन गए, उनके साथ जो कुछ हो रहा है, उनका दर्द आपको क्यों नहीं हो रहा।



### हिंसा को प्रदर्शन बताया गया

राज्यसभा में उन्होंने सीएए पर विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे हर सवालों का एक–एक कर जवाब दिया। मोदी ने कहा कि सदन में बार–बार बताने की कोशिश की गई कि जो हिंसा हुई वही प्रदर्शन है। यहां बार–बार बताने की कोशिश की गई कि प्रदर्शन के नाम पर जो अराजकता फैलाई गई, जो हिंसा हुई, उसी को आंदोलन का अधिकार मान लिया गया। बार–बार संविधान की दुहाई, उसी के नाम पर गैर संवैधानिक गतिविधि को ढकने का काम किया गया।

### वाम दलों को यूं दिखाई आईना

पीएम ने कहा, मैं कांग्रेस की मजबूरी समझता हूं, लेकिन केरल के लेफ्ट फ्रंट के साथियों को समझना चाहिए कि वहां के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में स्वीकार किया है कि केरल में जो प्रदर्शन हो रहे हैं उसमें अलगाववादी ताकतें शामिल हैं। यही नहीं, उन्होंने सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। जिस अराजकता से आप केरल में परेशान हैं, उसका समर्थन आप दिल्ली या देश के बाकी हिस्सों में कैसे कर सकते हैं।

# पाकिस्तान नागरिकों को भी बचाने पर विचार करेंगे

## वुहान में फंसे पाकिस्तानियों को निकालने के लिए इस्लामाबाद से कोई रिक्वेस्ट नहीं मिला: एमईए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने करॉना वायरस से सबसे बुरी तरह प्रभावित चीन के शहर वुहान से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के अभियान को जटिल बताते हुए चीन सरकार की तरफ से मिले सहयोग के लिए उसकी तारीफ की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत ने 2 उड़ानों के जरिए चीन से 640 भारतीयों और मालदीव के 7 नागरिकों को सुरक्षित निकाला। इस दौरान उनसे जब पूछा गया कि चीन में फंसे कुछ पाकिस्तानी भारत सरकार से मदद की अपील की है तो क्या इस पर कोई चर्चा हुई है तो कुमार ने कहा कि पाकिस्तान ने ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया है। अगर ऐसी सिचुएशन बनती है तो इस पर जरूर विचार किया जाएगा।

### वीजा संबंधी पाबंदियां सिर्फ चाइनीज मेनलैंड के लिए

करॉना वायरस की वजह से चीन से आने वाले लोगों के लिए ई–वीजा पर अस्थायी तौर पर रोक के बारे में कुमार ने कहा कि वीजा संबंधी पाबंदियां सिर्फ चाइनीज मेनलैंड के लिए हैं। उन्होंने कहा, श्चीन के लोगों को दिए गए सभी मौजूदा ई–वीजा अब वैध नहीं हैं। इसी तरह जो नॉर्मल वीजा इश्यू हुए हैं वे भी अब वैलिड नहीं हैं। अगर ऐसा व्यक्ति जिसके पास भारत आना बहुत ही ज्यादा जरूरी है तो वह हमारे दूतावास या नजदीकी कॉन्सुलेट से संपर्क कर वीजा के लिए अप्लाइ कर सकता है।

विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एक पत्रकार ने चीन के वुहान शहर में फंसे लोगों को लेकर पूछा, वहां पर जो पाकिस्तानी स्टूडेंट फंसे हुए हैं, विडियो देख रहे थे उसमें उन्होंने बोला कि मोदी है तो मुमकिन है, मोदी जिंदाबाद...और उन्होंने बोला कि अगर पाकिस्तान गवर्नमेंट हमें नहीं ले जा रही है तो भारत सरकार हमारी मदद करे तो क्या आप लोगों ने क्या इस पर चर्चा की है, कोई विचार? इस सवाल के जवाब में रवीश कुमार ने कहा, फिलहाल तो पाकिस्तान सरकार की तरफ से ऐसा कोई हमारे पास रिक्वेस्ट आया नहीं है लेकिन अगर ऐसी सिचुएशन बनती है और अगर हमारे पास रिसोर्सेज हैं तो हम इस पर जरूर विचार करेंगे।

पत्रकार ने यह कहा कि वुहान में फंसे पाकिस्तानी छात्र मोदी जिंदाबाद बोल रहे हैं, तब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता भी मुस्कुराने से खुद को नहीं रोक पाए।

# नए डेथ वॉरंट की अपील दोषियों से कोर्ट ने मांगा जवाब

### निर्भया केस

■चारों दोषियों से शुक्रवार तक जवाब मांगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने निर्भया गैंगरेप व मर्डर केस में नए सिरे से डेथ वॉरंट जारी करने की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए चारों दोषियों से शुक्रवार तक जवाब मांगा। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने गुरुवार को नए सिरे से डेथ वॉरंट जारी करने के लिए सेशन जज धर्मेंद्र राणा की कोर्ट में याचिका दायर की थी।

उधर, सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को केंद्र की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने जस्टिस एन वी रमना, संजीव खन्ना और कृष्ण मुरारी की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। नटराज ने जस्टिस को बताया कि जेल प्रशासन मामले में दोषियों को फांसी देने में असमर्थ है जबकि उनकी पुनर्विचार याचिकाएं खारिज कर दी गई है और सुधारात्मक याचिकाएं तथा उनमें से तीन की दया याचिकाएं भी खारिज हो चुकी हैं। केंद्र ने हाई कोर्ट के फैसले के कुछ घंटे बाद खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की।

दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट बुधवार को कहा था कि चारों दोषियों को एक साथ फांसी दी जाएगी न कि अलग–अलग। साथ ही कोर्ट ने उन्हें बाकी के बचे कानूनी उपायों का इस्तेमाल करने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा दी। उसने कहा कि अगर दोषी अब से सात दिन के भीतर किसी तरह की याचिका दायर नहीं करते हैं तो संबंधित संस्थान प्राधिकरण बिना किसी विलंब के कानून के अनुसार मामले से निपट सकते हैं। हाई कोर्ट ने कहा था कि संबंधित अधिकारियों को इस बात के लिए कसूरवार भी ठहराया कि उन्होंने 2017 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अभियुक्तों की अपील खारिज किए जाने के बाद डेथ वॉरंट जारी करने के लिए कदम नहीं उठाया।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# दिल्ली में थमा चुनाव प्रचार का शोर

8 फरवरी को 70 सीटों के लिए डाले जाएंगे वोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आज शाम 6 बजे प्रचार का शोर थम गया। 70 सीटों वाली विधानसभा के लिए दिल्ली के वोटर 8 फरवरी को करीब 2700 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। वोटिंग शनिवार को सुबह 8 बजे से शुरू होगी और शाम 6 बजे तक चलेगी। नतीजे 11 फरवरी को आएंगे।

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को सभी प्रमुख दलों ने अपनी ताकत झोंकी। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों ने रोड शो निकाला। डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया ने पटपड़गंज में रोड शो किया। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बीजेपी की तरफ से जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादीपुर में रोड शो किया, वहीं प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। दिल्ली चुनाव प्रचार में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत बीजेपीशासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों ने भी मोर्चा संभाला।